तकनीकी अधिकारियों के अधीन काम कर रहे रेडियो स्टेशन

6867. **आचार्य भगवान देव :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शिमला-रेडियो स्टेशन एक तकनीकी अधिकारी के अधीन काम कर रहा है;

(ख) देश में तकनीकी अधिकारियों के अधीन काम कर रहे रेडियो स्टेशनों की संख्या कितनी है; और

(ग) क्या सरकार प्रसारण की दृष्टि से यह आवश्यक समझती है कि रेडियो स्टेशन का संचालन कार्यक्रमों के प्रसारणों से संबंधित किसी अधिकारी के अधीन होना चाहिए ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा): (क) जी, हां आकाशवाणी के शिमला केन्द्र के कार्यालय-प्रमुख प्रभारी इंजीनियर हैं ।

(ख) बीस ।

(ग) किसी आकाशवाणी केन्द्र में कार्यालय प्रमुख की घोषणा करने के लिए प्रत्येक मामले पर निर्णय उस कार्यालय की कार्यात्मक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आकाशवाणी महानिदेशालय द्वारा किया जाता है ।

शिमला स्थित रेडियो स्टेशन की क्षमता

6868. **आचार्य भगवान देव :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार हिमाचल प्रदेश में शिमला रेडियो स्टेशन की क्षमता बढ़ाने के प्रश्न पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो शिमला रेडियो स्टेशन की क्षमता कब तक बढ़ाये जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा) : (क) और (ख)। आकाशवाणी का शिमला केन्द्र पहले से ही 100 कि० वा० मीडियम वेव के उच्च शक्ति वाले एक ट्रांसमीटर से सुसज्जित है । इस ट्रांसमीटर की शक्ति को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है । शिमला में 2.5 कि0 वा0 शार्ट वेव का एक ट्रांसमीटर भी कार्य कर रहा है । इस ट्रांसमीटर की शक्ति को बढ़ा कर 50 कि० वा० करने के प्रस्ताव को पंचवर्षीय योजना 1980-85 में शामिल करने के बारे में विचार किया जा रहा है । इस स्कीम का कार्यान्वयन "योजना" की स्वीकृति, संसाधनों की उपलब्धता और सापेक्ष प्राथमिकताओं पर निर्भर करेगा ।

Transport charges for Coal carrying to Sindri Factory

6870. SHRI A. K. ROY: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state.

(a) whether he is aware of some perennial transport contractors doing the job at the higher rate than the lowest quotations carrying coal from Tasra and other collieries to Sindri factory of the F.C.I.; if so, the facts in details;

(b) whether it is a fact that to suit the convenience of the contractors Sindri F.C.I. management is taking coal from distant collieries spending more in transport avoiding the adjacent colliery at Tasra specially marked for it; and

(c) if so, reasons thereof?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI VEERENDRA PATIL): (a) For the year 1980, Fertilizer Corporation of India Ltd. (FCI) has awarded contract for the transporation of coal to four parties who agreed to work at the lowest tender rates in various distance slabs.

(b) and (c). Sindri gets its supplies of coal from the collieries of Bharat Coking Coal Ltd. (BCCL). Tasra Colliery is a linked colliery for supply of coal for Sindri Modernisation Plant. Since there was a labour agitation at this colliery, FCI Sindri had to lift coal from other sources as offered by BCCL.

पटना में गैस की कमी

6871. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एक संसद् सदस्य ने बिहार की राजधानी पटना शहर में गैस की कमी के संबंध में उन्हें एक पत्र लिखा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और